**वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद)**: (क) प्रमुख तिलहनों का उत्पादन वर्ष 1985-86 के 108.3 लाख मी॰ टन के स्तर से बढ़कर वर्ष 1991-92 में 182.8 लाख मी॰ टन हो गया है, जिससे उत्पादन में 68.7% वृद्धि का पता चलता है। आरम्भिक अनुमानों से पता चलता है कि चालू वर्ष में तिलहनों का उत्पादन 200 लाख मी॰ टन से अधिक हो सकता है, जो गत वर्ष से 10% अधिक है।

(ख) और (ग) चालू वित्तीय वर्ष 1992-93 के दौरान राज्य व्यापार निगम द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए लगभग 39.66 करोड़ रुपए (लागत-बीमा व भाड़ा) मूल्य की लगभग 0.30 लाख मी॰ टन मात्रा आयात की गई है। इसके अलावा, सितम्बर, 1992 में अपरिष्कृत गोंदरहित सोयाबीन तेल की लगभग 0.47 लाख मी॰ टन मात्रा यू एस एड पी एल 480 शीर्षक- III करार के तहत उपहार के रूप में भी प्राप्त हुई है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान खाद्य तेलों का और आयात करने का प्रस्ताव नहीं है।

## डुंकेल-प्रस्तावों पर विचार

747. **श्री सोम पाल**: क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने डुंकेल-प्रस्तावों पर विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "ना" है तो इसके क्या कारण हैं?

**वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी)**: (क) से (ग) सरकार विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ विचार-विमर्श कर रही है। यह निर्णय लिया गया है कि डुंकेल प्रस्तावों पर अन्तिम निर्णय विचार-विमर्श की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लिया जाएगा। लोक सभा में दिनांक 23.12.92 को हुए विचार-विमर्श के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि राजनैतिक दलों के साथ विचार-विमर्श किया जायेगा। ये विचार-विमर्श शुरू तो कर दिए गए हैं, परन्तु पूरे नहीं हो पाए हैं। इस मामले पर राज्य सभा में अभी तक विचार-विमर्श नहीं किया गया है।

## Advanced Licensing Scheme for Garment Exports

748. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government have grounded the much publicised 'advance licensing scheme' for garment exports;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) what steps are being taken by the Government to solve the operational problems faced by the garment exporters?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) to (c) For the operation of Special value based Advance Licensing Scheme for the export of garments, necessary Notification No. 39 (N-7)/92—97 dated 27-8-1992 has already been issued, a copy of which is available in the Library of Parliament. The corresponding Customs Notification is being issued by the Deptt. of Revenue shortly.

## Effect of Bombay Riot on Export

749. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether the outbreak of riots in Bombay has disrupted the export operation;

(b) if so, what are the likely short-falls in the exports due to these riots;

(c) whether Government is working out a contingency plan to meet the export target; and

(d) if so, what are the details of the plan, with reference to removal of infrastructural obstacles?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) and (b) Although it is difficult to quantify the effects of disturbances due to riots in Bombay on exports, these disturbances have adversely affected export performance.